भारत सरकार, गृह मन्त्रालय
Government of India, Ministry of Home Affairs
निदेशालय जनगणना कार्य, हिमाचल प्रदेश
Directorate of Census Operations, Himachal Pradesh
2011
दूरभाष/Tele.: 0177-2651 419, 2651 462
टैलीफैक्स/Telefax : 0177-2651 419
तार/Telegram : हिम-जनगणना/Him-Census
ई-मेल/E-mail : dco-him.rgi@censusindia.gov.in
सी.जी.ओ. कम्पलैक्स, हिमाद्रि खण्ड, लौगवुड, शिमला–171 001
C.G.O. Complex, Himadri Block, Longwood, Shimla-171 001

डी.सी.ओ.एच.पी.23/2015

दिनांक : 07 SEP 2015

निविदा आमंत्रण पत्र

सेवा में,

Web. Cell
O/o The ORGI, New Delhi-110011

विषय :- जनगणना कार्य निदेशालय हिमाचल प्रदेश, शिमला द्वारा जिला जनगणना हस्तपुस्तिका 2011 के भाग-ए और भाग-बी की छपाई एवं बाइंडिंग की दरों हेतु निविदा आमंत्रण।

महोदय,

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से जनगणना कार्य निदेशालय, हिमाचल प्रदेश, शिमला, द्वारा जिला जनगणना हस्तपुस्तिका 2011 के भाग-ए और भाग-बी की छपाई एवं बाइंडिंग हेतु मुहर बन्द निविदाऐं आमंत्रित की जाती है।

निविदा की निबंधन एवं शर्तें इस प्रकार हैं :

1. निविदाऐं , उप-निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय, हिमाद्री खण्ड, सी.जी.ओ .कॉम्पलैक्स, लौंगवुड शिमला -1 के नाम दिनांक 06/10/2015 को 12:00 बजे तक सील बन्द लिफाफे में पहुँच जानी चाहिए। निर्धारित समय सीमा के बाद प्राप्त होने वाली निविदा तथा फैक्स /ई-मेल से प्राप्त हुई निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। निदेशालय किसी भी कारणवश निविदा (Bid) के अप्राप्त या देरी से प्राप्त होने पर जिम्मेवार नहीं होगा।
2. निविदाऐं, उसी दिन, दिनांक 06/10/2015 को 12:30 बजे इस कार्यालय की गठित कमेटी द्वारा खोली जाऐगीं।
3. निविदा आमंत्रण पत्र में दी गई शर्तों को ठीक से अध्ययन करने के उपरांत संतुष्ट होने पर ही कोटेशन इस कार्यालय को प्रस्तुत करें।
4. निविदाऐं,गठित कमेटी द्वारा खोलने के दौरान जिस फर्म की राशि न्यूनतम होगी उसी को सफल निविदाकार माना जाएगा। अत:रेट एकमुश्त भारतीय मुद्रा मे ही कोट करें। उधृत दर सभी कर /वैट इत्यादि सहित होनी चाहिए।
5. सभी फर्मों द्वारा निविदाऐं संलग्न निर्धारित प्रोफॉर्मा में प्रस्तुत करनी होगी।
6. उप-निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय, हिमाचल प्रदेश किसी भी निविदा को या सभी निविदाओं को कोई भी कारण बताए बिना स्वीकार व अस्वीकार करने का अधिकार अपने पास आरक्षित रखते हैं।
7. निविदा दरों के अलावा किसी भी अन्य तरह के खर्चे अथवा करों इत्यादि का भुगतान इस कार्यालय द्वारा नहीं किया जाएगा। सूचना /स्पष्टीकरण यदि कोई हो तो वह श्री आशीष चौहान, सहायक निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय, हिमाद्री खण्ड, सी.जी.ओ .कॉम्पलैक्स, लौंगवुड शिमला -1, से व्यक्तिगत रुप से या दूरभाष (0177- 2651419) पर सम्पर्क कर प्राप्त कर सकतें है|
8. अग्रिम धन (EMD) के रूप में 2000/- रूपये का डिमाण्ड ड्राफ्ट **"सहायक निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय, हिमाचल प्रदेश, शिमला"** के नाम से जो किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक में देय अनिवार्य है।
9. अनुबन्ध हेतु कार्यालय द्वारा तैयार किए गए प्रोफॉर्मा/**अनुलग्नक "क"** में अनुबन्धित फर्म को हस्ताक्षर करने होगें।
10. केवल रजिस्टर्ड फर्म की निविदा ही स्वीकार की जायेगी। निविदा हेतु निर्धारित प्रपत्र के साथ रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र भी इस कार्यालय को प्रस्तुत करें।
11. पिछले दो वर्षो के Income tax Clearance Certificate की प्रति भी निविदा हेतु निर्धारित प्रपत्र के साथ संलग्न भेंजे।
12. पुस्तक के प्रत्येक भाग (भाग- ए और भाग-बी.) को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के उपरांत भुगतान चैक के माध्यम से किया जायेगा।

13. यह निविदा, स्थानांतरणीय नहीं है अतः अनुबन्ध होने के उपरांत किसी अन्य फर्म को निविदा/अनुबंधित कार्य स्थानांतरित नहीं किया जा सकता है ।
14. कार्यालय किये गये अनुबंध को बिना कोई कारण बताये सात दिन (7 दिन) पहले पूर्व सूचना देकर समाप्त करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है।
15. कार्य में किसी भी प्रकार का व्यवधान/विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में उप निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय शिमला का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।
16. किसी भी विवाद या भिन्नता के मामले में शिमला क्षेत्राधिकार होगा।
17. निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ निविदा हेतु निर्धारित प्रपत्र पर दर कोट करें दस्तावेज प्रस्तुत न करने की स्थिति में अग्रिम धन (EMD) के रूप में 2000/- रुपए का डिमाण्ड ड्राफ्ट जब्त कर लिया जायेगा अतः यह सुनिश्चित कर लें कि आपके पास निम्नलिखित दस्तावेज उपलब्ध है अथवा नहीं:-
    (i) पिछले दो वर्षो के इनकम टैक्स रिटर्नस की प्रतियां।
    (ii) फर्म का रजिस्ट्रेशन सम्बंधित प्रमाण पत्र की प्रति ।
    (iii) पैन न. की प्रति।
    (iv) (EMD) के रूप में 2000/- रुपए का डिमाण्ड ड्राफ्ट।

अनुबन्ध के अंतर्गत सामान्य कार्य निम्नलिखित है -:

1. कवर पृष्ठ नीले रंग का ए-4 साईज में मैथलिथो पेपर पर 80 जीएसएम में होगा। जिस पर छपने वाला मैटर इस निदेशालय द्वारा दिया जायेगा।
2. डीसीएच 2011 के पार्ट ए एवं पार्ट बी की हिमाचल प्रदेश राज्य के सभी 12 जिलों की 10-10 प्रतियों की प्रिंटिंग और बाइंडिंग करायी जानी है । प्रत्येक जिले में लगने वाले पृष्ठों की संख्या अनुलग्नक- क में दी गयी है । कवर एवं हस्तपुस्तिका को जनगणना कार्य निदेशालय, हिमाचल प्रदेश में किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है।
3. जनगणना हस्तपुस्तिकाओं की छपाई एवं बाइंडिंग कार्यादेश जारी होने के एक महीने के अन्दर पूर्ण करना होगा।

भवदीय,

(जसपाल सिंह)
उपनिदेशक,
जनगणना कार्य निदेशालय,
भारत सरकार, गृह मंत्रालय,
सी.जी.ओ .काम्पलेक्स, हिमाद्री खण्ड,लौंगवुड,
शिमला, हिमाचल प्रदेश-171001

प्रतिलिपि :1 :WEB.Cell, ORGI, New Delhi को इस आशय से ORGI Web Site में upload करवाने की कृपा करें।

(जसपाल सिंह) 16/7/15
उपनिदेशक,
जनगणना कार्य निदेशालय,
भारत सरकार, गृह मंत्रालय,
सी.जी.ओ .काम्पलेक्स, हिमाद्री खण्ड,लौंगवुड,
शिमला, हिमाचल प्रदेश - 171001

अनुलग्नक-क

निविदा हेतु निर्धारित प्रपत्र

प्रेषक:

.....

.....

सेवा में,

उपनिदेशक,
जनगणना कार्य निदेशालय,
भारत सरकार, गृह मंत्रालय,
सी.जी.ओ .काम्पलैक्स, हिमाद्री खण्ड, लौंगवुड,
शिमला, हिमाचल प्रदेश 171001-

महोदय,

उपनिदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय, भारत सरकार, गृह मंत्रालय, हिमाचल प्रदेश, शिमला के पत्र संख्या डी.सी.ओ.एच.पी.23/2015 दिनांक 16/09/2015 के प्रति निर्देश से, मैं उपनिदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय, हिमाचल प्रदेश, शिमला को, जो भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से कार्य कर रहें हैं जिला जनगणना हस्तपुस्तिका 2011 (डी.सी.एच.बी. 2011) के भाग- ए और भाग- बी की छपाई एवं बाइंडिंग हेतु निम्नलिखित दर कोट करता हूं :

क्रम संख्या	डी.सी.एच.बी.2011 (भाग-ए)	पृष्ठों की अनुमानित संख्या	प्रति एक पुस्तक की दर रूपये में	डी.सी.एच.बी.2011 (भाग-बी.)	पृष्ठों की अनुमानित संख्या	प्रति एक पुस्तक की दर रूपये में
1.	चम्बा	470		चम्बा	282	
2	कांगडा	1032		कांगडा	560	
3.	लाहूल य स्पिति	196		लाहूल य स्पिति	144	
4.	कुल्लू	184		कुल्लू	140	
5.	मण्डी	858		मण्डी	490	
6.	हमीरपुर	474		हमीरपुर	292	
7.	ऊना	295		ऊना	188	
8.	बिलासपुर	347		बिलासपुर	216	
9.	सोलन	644		सोलन	380	
10.	सिरमौर	374		सिरमौर	248	
11.	शिमला	821		शिमला	498	
12.	किन्नौर	222		किन्नौर	170	

नोट: दरें सभी करों/ वैट इत्यादि से सम्मिलित होनी चाहिए।

मैनें निविदाकारों के लिए अनुदेशों और संविदा की साधारण शर्तों को तथा उस पत्र में जिसके प्रत्युत्तर में यह निविदा प्रस्तुत की जा रही है उल्लिखित निबंधनों और शर्तों को भी ध्यानपूर्वक पढ़ और समझ लिया है और मैं उपयुक्त दस्तावेजों में अंतर्विष्ट उपबन्धों से आबध्द होने के लिए सहमत हूँ।

दिनांक .....

निविदाकार के नाम .....

निविदाकार के हस्ताक्षर.....

स्थान .....